1000
हिंदी साहित्य प्रश्नोत्तरी



कुमुद शर्मा

1000
हिंदी
साहित्य
प्रश्नोत्तरी

डा.महाराजकृष्ण भरत
विद्या भवन, शारदा कालोनी,
पटोली ब्राह्मणा, मूठी
जम्मू-181205

इस श्रृंखला की पुस्तकें

★ 1000 जीव-जंतु प्रश्नोत्तरी

★ 1000 हिंदी साहित्य प्रश्नोत्तरी

★ 1000 कंप्यूटर-इंटरनेट प्रश्नोत्तरी

★ 1000 खेल-कूद प्रश्नोत्तरी

★ 1000 गणित प्रश्नोत्तरी

★ 1000 विज्ञान प्रश्नोत्तरी

★ 1000 खगोल विज्ञान प्रश्नोत्तरी

★ 1000 पर्यावरण प्रश्नोत्तरी

★ 1000 इतिहास प्रश्नोत्तरी

★ 1000 भूगोल प्रश्नोत्तरी

★ 1000 राजनीति विज्ञान प्रश्नोत्तरी

★ 1000 हिंदू धर्म प्रश्नोत्तरी

★ 1000 सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

★ 1000 स्वाधीनता संग्राम प्रश्नोत्तरी

1000
हिंदी साहित्य प्रश्नोत्तरी

कुमुद शर्मा

प्रभात पेपरबैक्स
प्रभात प्रकाशन
ISO 9001 : 2000 प्रकाशक का उद्यम
www.prabhatprakashan.com

प्रकाशक

प्रभात पेपरबैक्स

4/19 आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002

फोन : 23289555 • 23289666 • 23289777 ❖ फैक्स : 23253233

इ-मेल : prabhat1@vsnl.com ❖ वेब ठिकाना : www.prabhatprakashan.com

संस्करण

2004

सर्वाधिकार

सुरक्षित

मूल्य

पचहत्तर रुपए

अ.मा.पु.स. 81-7315-450-3

मुद्रक

ग्राफिक वर्ल्ड, नई दिल्ली

★

1000 HINDI SAHITYA PRASHNOTTARI

by Kumud Sharma

Rs. 75.00

Published by **Prabhat Paperbacks** (A Division of Prabhat Prakashan)
4/19 Asaf Ali Road, New Delhi-2

ISBN 81-7315-450-3

भूमिका

महान् वैज्ञानिक डार्विन ने दुनिया के लिए 'सरवाइवल ऑफ द फिटेस्ट' सिद्धांत का प्रतिपादन किया। कहने का तात्पर्य यह था कि दुनिया में उसी का अस्तित्व रहेगा जो दूसरों के मुकाबले अधिक समर्थ और शक्तिशाली होगा। इस सिद्धांत की सत्यता हर युग में प्रमाणित हुई है। आधुनिक जीवन के संघर्ष और प्रतिस्पर्द्धा की दौड़ में यह सिद्धांत अधिक प्रासंगिक है। संसाधन सीमित हैं और उनकी प्राप्ति की इच्छा और आकांक्षा रखनेवालों की संख्या अधिक है; यानी स्थिति 'एक अनार सौ बीमार' की हो गई है। ऐसे में प्रतियोगिता ही दूसरों के मुकाबले स्वयं को अधिक समर्थ सिद्ध करने की पद्धति है।

सच पूछिए तो वर्तमान युग में हर व्यक्ति को जीवन के विभिन्न स्तरों पर अनेक प्रतियोगिताओं से गुजरना पड़ता है। शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश परीक्षा हो या फिर नौकरियों के लिए दी जानेवाली प्रतियोगी परीक्षाएँ—लगभग सभी में उम्मीदवारों के विषयनिष्ठ ज्ञान से अधिक वस्तुपरक ज्ञान को परखने पर बल दिया जाता है। राज्य स्तर पर और केंद्रीय स्तर पर विभिन्न महत्त्वपूर्ण संस्थानों के महत्त्वपूर्ण पदों के लिए ली जानेवाली प्रतियोगी परीक्षाओं में अन्य विषयों के साथ-साथ हिंदी भाषा और साहित्य से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित प्रश्न भी सम्मिलित होते हैं। यू.जी.सी. की नेट परीक्षा में भी इसी तरह की प्रश्नपत्र प्रणाली अपनाई जा रही है।

विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों और विद्यालयों में शिक्षाशास्त्रियों द्वारा यह स्वीकार किया जाने लगा है कि साहित्य में विषयनिष्ठ प्रश्नपत्र प्रणाली से विद्यार्थी के सम्यक् ज्ञान का आकलन नहीं हो पाता, इसलिए सर्वसम्मति से यह निर्णय पारित किया गया कि प्रश्नपत्र का कुछ हिस्सा वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्रों पर आधारित हो। प्रस्तुत पुस्तक इसी परिदृश्य को दृष्टिगत करते हुए तैयार की गई है।

हिंदी साहित्य के विस्तृत परिदृश्य से प्राय: आम जन परिचित नहीं हैं। साहित्यिक

अभिरुचि रखनेवाले ऐसे व्यक्तियों को साहित्यिक ज्ञान से परिचित कराकर उन्हें समृद्ध करने की दृष्टि से भी इस पुस्तक का प्रणयन हुआ है। समय की माँग और समय की कमी के कारण साहित्य के विराट् फलक में प्रवेश कर उसे आत्मसात् करने का अवसर बहुतों के पास नहीं है। यह पुस्तक बहुत सुगमता से ऐसे व्यक्तियों को हिंदी साहित्य के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं और वस्तुनिष्ठ तथ्यों से परिचित कराने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। पुस्तक में हिंदी साहित्य के व्यापक परिदृश्य पर फैले केंद्रीय और महत्त्वपूर्ण प्रश्नों को समेटने की कोशिश की गई है। भाषा संबंधी प्रश्नों के साथ-साथ हिंदी साहित्य का इतिहास, काव्यशास्त्र, साहित्यिक संस्थाओं, पुरस्कारों से संबंधित प्रश्न इसमें सम्मिलित हैं। कुछ महत्त्वपूर्ण रचनाकारों की चित्रावली भी इसमें समाविष्ट है। वस्तुतः यह अपने आपमें हिंदी साहित्य का इतिहास है।

विश्वास है कि यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठनेवाले विद्यार्थियों और साहित्यिक रुझान रखनेवाले व्यक्तियों के लिए महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगी और उनकी हिंदी साहित्य संबंधी अनेकानेक जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेगी।

—कुमुद शर्मा

अनुक्रम

1.	भाषा	9
2.	हिंदी साहित्य का इतिहास	16
3.	कविता	34
4.	कहानी	48
5.	उपन्यास	61
6.	नाटक	74
7.	निबंध-आलोचना	81
8.	रेखाचित्र-संस्मरण	88
9.	आत्मकथा-जीवनी	91
10.	यात्रा साहित्य	95
11.	रिपोर्ताज	98
12.	साक्षात्कार और पत्र-साहित्य	100
13.	काव्यशास्त्र	103
14.	साहित्यिक पत्रकारिता	110
15.	संस्थाएँ	117
16.	पुरस्कार	120
17.	चित्रावली	125
18.	विविध	130
	उत्तरमाला	146

1

भाषा

1. भारतीय आर्य भाषा परिवार की भाषाओं का मूल स्रोत कौन सी भाषा है ?
   (अ) हिंदी (ब) वैदिक संस्कृत
   (स) मराठी (द) लौकिक संस्कृत
2. तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाएँ किस भाषा परिवार से संबद्ध हैं ?
   (अ) भारतीय आर्य भाषा परिवार
   (ब) भारत-यूरोपीय भाषा परिवार
   (स) द्रविड़ परिवार
   (द) आधुनिक भारतीय आर्य भाषा परिवार
3. भाषा का मूल रूप कौन सा है ?
   (अ) लिखित रूप (ब) मौखिक रूप
   (स) मानक रूप (द) साहित्यिक रूप
4. खड़ी बोली हिंदी का साहित्यिक रूप किस शताब्दी में विकसित हुआ ?
   (अ) अठारहवीं शताब्दी (ब) सत्रहवीं शताब्दी
   (स) उन्नीसवीं शताब्दी (द) सोलहवीं शताब्दी
5. हिंदी को भारतीय संविधान में संघ की राजभाषा के रूप में कब

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 देखें।

मान्यता मिली ?

(अ) 14 सितंबर, 1949 (ब) 14 सितंबर, 1948

(स) 14 सितंबर, 1953 (द) 14 सितंबर, 1950

6. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका के माध्यम से खड़ी बोली हिंदी को परिष्कृत और परिमार्जित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

(अ) चाँद (ब) सुधा

(स) सरस्वती (द) प्रताप

7. उत्तर भारत की खड़ी बोली हिंदी दक्षिण में किस रूप में विकसित हुई ?

(अ) द्रविड़ हिंदी (ब) दक्कनी हिंदी

(स) दक्कनी उर्दू (द) परिनिष्ठित हिंदी

8. मध्य काल में राजकाज की भाषा के रूप में किस भाषा को मान्यता मिली हुई थी ?

(अ) हिंदी (ब) उर्दू

(स) फारसी (द) अरबी

9. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है ?

(अ) अनुच्छेद 343 (ब) अनुच्छेद 346

(स) अनुच्छेद 344 (द) अनुच्छेद 342

10. ब्रजभाषा और अवधी किस काल की काव्य भाषाएँ थीं ?

(अ) प्राचीन (ब) मध्य काल

(स) आधुनिक काल (द) वैदिक काल

11. हिंदी की बोलियों को कितने वर्गों में रखा जाता है ?

(अ) तीन (ब) चार

(स) पाँच (द) आठ

12. 'बुंदेली' और 'कन्नौजी' बोली हिंदी के किस उपभाषा वर्ग की बोलियाँ हैं ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 देखें।

(अ) पूर्वी हिंदी (ब) पश्चिमी हिंदी
(स) राजस्थानी (द) पहाड़ी

13. आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का विकास किससे हुआ ?
(अ) संस्कृत (ब) हिंदी
(स) अपभ्रंश (द) पालि-प्राकृत

14. 'भोजपुरी' मूलत: किस प्रदेश की बोली है ?
(अ) राजस्थान (ब) बिहार
(स) मध्य प्रदेश (द) उत्तर प्रदेश

15. मानक हिंदी का विकास किस बोली से हुआ ?
(अ) खड़ी बोली हिंदी (ब) ब्रजभाषा
(स) अवधी (द) बाँगरू

16. भाषा के संदर्भ में अशुद्ध तथ्य कौन सा है ?
(अ) भाषा अर्जित संपत्ति है (ब) भाषा सामाजिक वस्तु नहीं है
(स) भाषा परिवर्तनशील है
(द) भाषा अनुकरण द्वारा अर्जित की जाती है

17. लिपि के विकास-क्रम में पहली लिपि कौन सी है ?
(अ) भावमूलक लिपि (ब) सूत्र लिपि
(स) चित्र लिपि (द) प्रतीकात्मक लिपि

18. 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है ?
(अ) विद्यापति (ब) बिहारी
(स) कलक्टर सिंह 'केसरी' (द) घनानंद

19. कृष्ण काव्य की अपार संपदा किस भाषा में है ?
(अ) अवधी (ब) ब्रजभाषा
(स) खड़ी बोली (द) मैथिली

20. ब्रजभाषा, खड़ी बोली, हरियाणवी, बुंदेली और कन्नौजी बोलियाँ हिंदी की बोलियों के किस वर्ग की हैं ?
(अ) पूर्वी हिंदी (ब) पश्चिमी हिंदी
(स) राजस्थानी (द) पहाड़ी

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 देखें।

21. मुगल काल में हिंदी भाषा पर प्रभाव डालनेवाली भाषा कौन सी है ?

(अ) फारसी (ब) अंग्रेजी

(स) चीनी (द) जापानी

22. इन लिपियों में से कौन सी लिपि पहले उर्दू लिपि की भाँति दाएँ से बाएँ लिखी जाती थी ?

(अ) ब्राह्मी लिपि (ब) खरोष्ठी लिपि

(स) चित्र लिपि (द) सूत्र लिपि

23. देवनागरी लिपि में हिंदी के अतिरिक्त और कौन सी भाषा लिखी जाती है ?

(अ) तमिल (ब) बँगला

(स) पंजाबी (द) मराठी

24. 'मेवाती' और 'हाड़ौती' बोलियाँ हिंदी में किस वर्ग की बोलियाँ हैं ?

(अ) पहाड़ी (ब) राजस्थानी

(स) बिहारी (द) पश्चिमी हिंदी

25. अधिकतर भारतीय भाषाओं की लिपियों का विकास किस प्राचीन लिपि से हुआ ?

(अ) ब्राह्मी लिपि (ब) खरोष्ठी लिपि

(स) कुटिल लिपि (द) शारदा लिपि

26. इनमें से हिंदीतर भाषी राज्य कौन सा है ?

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) मध्य प्रदेश

(स) बिहार (द) महाराष्ट्र

27. संविधान के अनुच्छेद 343(2) के अनुसार संघ सरकार के कार्यों में अंग्रेजी का प्रयोग जारी रखने की व्यवस्था कब तक के लिए की गई है ?

(अ) 26 जनवरी, 1950 (ब) 25 जनवरी, 1964

(स) 14 सितंबर, 1950 (द) 26 जनवरी, 1965

28. हिंदी में किस भाषा के अर्थ में पहले 'साधु भाषा', 'टकसाली भाषा' तथा 'परिनिष्ठित भाषा' का प्रयोग होता था ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 देखें।

(अ) ब्रजभाषा (ब) खड़ी बोली हिंदी

(स) मानक भाषा (द) जनभाषा

29. निम्नलिखित काव्य पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

'जामैं रस कछु होत है, पढ़त ताहि सब कोय।

बात अनूठी चाहिए भाषा कोऊ होय॥'

(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ब) सत्यनारायण कविरत्न

(स) जगन्नाथदास रत्नाकर (द) मैथिलीशरण गुप्त

30. हिंदी खड़ी बोली गद्य के विकास में किस साहित्यकार ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ?

(अ) सदल मिश्र (ब) मिश्रबंधु

(स) ग्रियर्सन (द) अमीर खुसरो

31. पाणिनि ने किस ग्रंथ के द्वारा भाषा को एकरूपता देने का प्रयास किया ?

(अ) अष्टाध्यायी (ब) महाभाष्य

(स) योगवासिष्ठ (द) बृहस्पतिनीतिसार

32. पुरानी हिंदी को किस भाषा का समानार्थक माना गया ?

(अ) प्राकृत (ब) अपभ्रंश

(स) पालि (द) लौकिक संस्कृत

33. पश्चिमी हिंदी का उद्भव किस अपभ्रंश से हुआ ?

(अ) शौरसेनी (ब) मागधी

(स) अर्द्ध मागधी (द) पैशाची

34. पूर्वी हिंदी की बोलियाँ अपभ्रंश के किस रूप से विकसित हुईं ?

(अ) मागधी (ब) अर्द्ध मागधी

(स) शौरसेनी (द) पैशाची

35. भाषा विज्ञान के किस खंड में 'पद' से वाक्य बनाने की प्रक्रिया का वर्णनात्मक, तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से अध्ययन होता है ?

(अ) पद विज्ञान (ब) ध्वनि विज्ञान

(स) वाक्य विज्ञान (द) अर्थ विज्ञान

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 देखें।

36. पालि-प्राकृत भाषाएँ किससे विकसित हुईं ?

(अ) लौकिक संस्कृत (ब) पुरानी हिंदी

(स) शौरसेनी (द) वैदिक संस्कृत

37. भाषा के संदर्भ में महात्मा गांधी ने किसका समर्थन किया ?

(अ) हिंदी (ब) हिंदुस्तानी

(स) हिंदुई (द) उर्दू

38. खड़ी बोली का दूसरा नाम क्या है ?

(अ) कन्नौजी (ब) कौरवी

(स) बघेली (द) मगही

39. अवधी बोली का केंद्र स्थान क्या है ?

(अ) बस्ती (ब) बाराबंकी

(स) बहराइच (द) अयोध्या

40. खड़ी बोली का प्रयोग साहित्यिक हिंदी खड़ी बोली के अर्थ के अतिरिक्त किस अर्थ में होता है ?

(अ) 'शुद्ध' के अर्थ में

(ब) दिल्ली-मेरठ के आस-पास की लोक बोली के अर्थ में

(स) लोक-साहित्य की भाषा के अर्थ में

(द) लोकगीतों की भाषा के अर्थ में

41. अपभ्रंश को 'पुरानी हिंदी' कहनेवाले प्रथम लेखक कौन थे ?

(अ) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' (ब) रामचंद्र शुक्ल

(स) जॉर्ज ग्रियर्सन (द) शिवसिंह सेंगर

42. अपभ्रंश के प्रथम महाकवि कौन थे ?

(अ) हेमचंद्र (ब) स्वयंभू

(स) जोइंदु (द) रामचंद्र

43. राजभाषा अधिनियम कब पारित किया गया था ?

(अ) सन् 1963 (ब) सन् 1961

(स) सन् 1964 (द) सन् 1962

44. राजभाषा अधिनियम में संशोधन कब हुआ ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 देखें।

(अ) सन् 1960 (ब) सन् 1967

(स) सन् 1965 (द) सन् 1969

45. सन् 1955 में राष्ट्रपति ने जिस राजभाषा आयोग की नियुक्ति की, उसमें कितने सदस्य थे ?

(अ) पाँच (ब) ग्यारह

(स) इक्कीस (द) सात

46. 'हिंदी-हिंदुस्तानी' के भाषा संबंधी विवाद में किसके नेतृत्व में हिंदी की विजय हुई ?

(अ) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) महात्मा गांधी

(स) पुरुषोत्तमदास टंडन (द) बाबू शिवप्रसाद

47. पं. किशोरीदास वाजपेयी ने उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध को किस युग के नाम से अभिहित किया ?

(अ) भारतेंदु युग (ब) लाल युग

(स) खड़ी बोली हिंदी युग (द) आधुनिक युग

48. किस शताब्दी को हिंदी का 'प्रचार युग' कहा जाता है ?

(अ) बीसवीं शताब्दी (ब) अठारहवीं शताब्दी

(स) उन्नीसवीं शताब्दी (द) सत्रहवीं शताब्दी

49. 'मंडियाली' का संबंध किससे है ?

(अ) राजस्थानी (ब) पहाड़ी

(स) बिहारी (द) पश्चिमी हिंदी

50. पूर्वी हिंदी के अंतर्गत कौन सी बोली आती है ?

(अ) बाँगरू (ब) ब्रजभाषा

(स) मैथिली (द) अवधी

□

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 146 व 147 देखें।

2

हिंदी साहित्य का इतिहास

पूर्व पीठिका

51. हिंदी साहित्य के इतिहास का प्रथम लेखक कौन है ?
    (अ) जॉर्ज ग्रियर्सन (ब) शिवसिंह सेंगर
    (स) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (द) गार्सां द ताँसी
52. काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा 'हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास' कितने खंडों में प्रकाशित किया गया ?
    (अ) छह (ब) बारह
    (स) बीस (द) अठारह
53. 'हिंदी साहित्य की भूमिका' ग्रंथ का लेखक कौन है ?
    (अ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (ब) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
    (स) डॉ. रामकुमार वर्मा (द) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
54. हिंदी साहित्य के इतिहास-लेखन की परंपरा में मिश्र बंधुओं ने किस ग्रंथ द्वारा अपना महत्त्वपूर्ण योगदान किया ?
    (अ) मिश्रबंधु विनोद (ब) शिवसिंह सरोज
    (स) हिंदी शब्द सागर (द) हिंदी साहित्य
55. हिंदी साहित्य के इतिहास लेखन से पूर्व किस प्रसिद्ध ग्रंथ में हिंदी के विभिन्न कवियों के जीवन वृत्त एवं कृतित्व का परिचय मिलता है ?
    (अ) गुरुग्रंथ साहिब (ब) भक्त नामावली

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(स) चौरासी वैष्णवन की वार्त्ता (द) श्रृंगार-संग्रह

56. आचार्य रामचंद्र शुक्ल का इतिहास ग्रंथ 'हिंदी साहित्य का इतिहास' स्वतंत्र पुस्तक से पूर्व किस रूप में प्रकाशित हुआ था?
(अ) हिंदी शब्द सागर की भूमिका
(ब) साहित्य पत्रिका की लेख-माला
(स) पत्रिका के विशेषांक
(द) साहित्यालोचन

57. 'द मॉडर्न वर्नेक्युलर लिटरेचर ऑफ हिंदुस्तान' का लेखक कौन है?
(अ) जॉर्ज ग्रियर्सन (ब) गार्सां द ताँसी
(स) रैने बैलक (द) गिलक्राइस्ट

58. हिंदी साहित्येतिहास की परंपरा में सर्वोच्च स्थान किस लेखक को मिला?
(अ) रामकुमार वर्मा (ब) शिवसिंह सेंगर
(स) रामचंद्र शुक्ल (द) धीरेंद्र वर्मा

59. गार्सां द ताँसी ने 'इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐंदुई ऐंदुस्तानी' ग्रंथ की रचना किस भाषा में की?
(अ) फ्रेंच (ब) अंग्रेजी
(स) रूसी (द) जर्मन

60. 'हिंदी साहित्य' नामक इतिहास ग्रंथ का संपादन किसने किया?
(अ) डॉ. नगेंद्र (ब) डॉ. धीरेंद्र वर्मा
(स) रामकुमार वर्मा (द) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

61. किस आलोचक ने आदिकाल को 'बीजवपन काल' नाम से अभिहित किया है?
(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(स) श्यामसुंदर दास (द) रामकुमार वर्मा

62. 'सरहपाद' को हिंदी का प्रथम कवि किसने माना?
(अ) मिश्रबंधु (ब) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
✓(स) राहुल सांकृत्यायन (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

63. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य के प्रारंभिक काल को किस नाम से अभिहित किया ?

(अ) आदिकाल (ब) वीरगाथाकाल

(स) चारणकाल (द) सिद्ध-सामंतकाल

64. हिंदी साहित्य के अंतर्गत किस काल को 'हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग' कहा गया है ?

(अ) भक्तिकाल (ब) मध्यकाल

(स) उत्तर मध्यकाल (द) आधुनिककाल

65. आदिकालीन कृति 'ढोला मारू-रा दूहा' की गणना किस साहित्य के अंतर्गत की जाती है ?

(अ) रासो साहित्य (ब) जैन साहित्य

(स) सिद्ध साहित्य (द) लौकिक साहित्य

66. आदिकाल के अंतर्गत सरहपा, लुइपा, शबरपा आदि कवि किस साहित्य से संबद्ध हैं ?

(अ) जैन साहित्य (ब) सिद्ध साहित्य

(स) लौकिक साहित्य (द) रासो साहित्य

67. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार हिंदी का प्रथम महाकाव्य कौन सा है ?

(अ) पृथ्वीराजरासो (ब) बीसलदेवरासो

(स) संदेशरासक (द) खुमाणरासो

68. आदिकाल की रूढ़ियों, परंपराओं और प्रवृत्तियों को समझने में किस पुस्तक से सहायता मिलती है ?

(अ) उक्ति-व्यक्ति प्रकरण (ब) प्राकृत पैंगलम्

(स) खालिक बारी (द) श्रावकाचार

69. 'पृथ्वीराजरासो' का रचयिता किसे माना जाता है ?

(अ) नरपति नाल्ह (ब) जगनिक

(स) चंदबरदाई (द) गोरखनाथ

70. रासो काव्य-परंपरा में गेय काव्य कौन सा है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(अ) बीसलदेवरासो (ब) परमालरासो
(स) वर्णरत्नाकर (द) राउलवेल

71. दामोदर शर्मा द्वारा लिखित 'उक्ति-व्यक्ति प्रकरण' किस प्रकार का ग्रंथ है ?
(अ) इतिहास ग्रंथ (ब) भाषा-सर्वेक्षण ग्रंथ
(स) व्याकरण ग्रंथ (द) काव्य ग्रंथ

72. आदिकाल में खड़ी बोली को काव्य की भाषा बनानेवाला पहला कवि कौन है ?
(अ) दामोदर शर्मा (ब) अमीर खुसरो
(स) चंदबरदाई (द) सरहपा

73. आदिकालीन शिलांकित कृति का नाम क्या है, जिसे गद्य-पद्य मिश्रित चंपू काव्य की प्राचीनतम हिंदी कृति माना गया ?
(अ) वर्णरत्नाकर (ब) खालिकबारी
(स) दो सुरवने (द) राउलवेल

74. अमीर खुसरो किस तरह की रचनाओं के लिए प्रसिद्ध रहे हैं ?
(अ) पहेलियाँ-मुकरियाँ (ब) गजल
(स) गीत (द) दोहे

75. आदिकालीन साहित्य में वीर रस की रचनाओं में किस शैली का प्रयोग किया गया ?
(अ) पिंगल (ब) डिंगल
(स) दोहा-चौपाई (द) कवित्त-सवैया

76. आदिकाल के किस पंथ से भक्तिकाल के संत मत का विकास हुआ ?
(अ) बौद्ध (ब) जैन
(स) नाथ (द) वज्रयान

77. डॉ. रामकुमार वर्मा ने आदिकाल का नामकरण किस रूप में किया ?
(अ) अपभ्रंशकाल (ब) संधिकाल और चारणकाल
(स) सिद्ध-सामंतकाल (द) अंधकारकाल

78. नाथ संप्रदाय के प्रवर्तक कौन थे ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(अ) गोरखनाथ (ब) गोपीचंद
(स) चौरंगीनाथ (द) चुणकरनाथ

79. 'कीर्तिलता' और 'कीर्तिपताका' किस कवि की रचनाएँ हैं ?
(अ) विद्यापति (ब) रामानंद
(स) नरपति नाल्ह (द) अमीर खुसरो

80. 'दसवीं से चौदहवीं शताब्दी का काल, जिसे हिंदी का आदिकाल कहते हैं, भाषा की दृष्टि से अपभ्रंश का ही बढ़ाव है।' यह कथन किस लेखक का है ?
(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) श्यामसुंदर दास (द) धीरेंद्र वर्मा

81. आदिकाल को 'चारणकाल' की संज्ञा देनेवाले विद्वान् कौन थे ?
(अ) मिश्रबंधु (ब) जॉर्ज ग्रियर्सन
(स) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' (द) राहुल सांकृत्यायन

82. सिद्ध साहित्य के अंतर्गत सिद्दों की संख्या कितनी मानी गई है ?
(अ) साठ (ब) चालीस
(स) चौरासी (द) बीस

83. जैन साहित्य की रास-परंपरा के प्रथम ग्रंथ 'भरतेश्वर-बाहुबली रास' का रचनाकार कौन है ?
(अ) शालिभद्र सूरि (ब) श्रावकाचार
(स) विजयसेन सूरि (द) जिनधर्म सूरि

84. शिवसिंह सेंगर ने किस कवि को हिंदी का प्रथम कवि माना है ?
(अ) सरहपाद (ब) पुष्य (पुंड)
(स) कबीर (द) लुइया

85. 'जय मयंक-जसं चंद्रिका' की रचना किस कवि ने की ?
(अ) भट्ट केदार (ब) गोपीचंद
(स) ज्योतिरीश्वर ठाकुर (द) मधुकर

86. भरथरी, जलंध्रीपाव कवि किस साहित्य से संबद्ध हैं ?
(अ) सिद्ध साहित्य (ब) नाथ साहित्य

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(स) जैन साहित्य (द) रासो साहित्य

87. आदिकाल के अंतर्गत किस साहित्य की प्रामाणिकता संदिग्ध मानी गई है ?

(अ) रासो साहित्य (ब) लौकिक साहित्य

(स) जैन साहित्य (द) रास काव्य

88. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'गाथा' को किस भाषा का मुख्य छंद माना है ?

(अ) पालि (ब) प्राकृत

(स) अपभ्रंश (द) हिंदी

89. 'वर्णरत्नाकर' किस प्रकार की कृति है ?

(अ) चंपू काव्य (ब) गद्य

(स) व्याकरण (द) खंड काव्य

भक्तिकाल

90. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी के युग को 'हिंदी काव्य का स्वर्ण युग' मानना किस इतिहास लेखक की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि मानी गई ?

(अ) गार्सां द ताँसी (ब) शिवसिंह सेंगर

(स) मिश्रबंधु (द) जॉर्ज ग्रियर्सन

91. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल का सीमांकन कहाँ से कहाँ तक है ?

(अ) 1318-1643 ई. (ब) 1388-1503 ई.

(स) 1400-1600 ई. (द) 1360-1700 ई.

92. शंकराचार्य ने सामाजिक एकीकरण के लिए किस दार्शनिक-आध्यात्मिक ऐक्य का निरूपण किया ?

(अ) विशिष्टाद्वैत (ब) द्वैताद्वैत

(स) अद्वैत वेदांत (द) शुद्धाद्वैत

93. रामानंद किस भक्तिधारा के प्रमुख कवि हैं ?

(अ) सगुण भक्तिधारा (ब) निर्गुण भक्तिधारा

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(स) कृष्ण काव्यधारा (द) राम काव्यधारा

94. नाभादास-रचित किस ग्रंथ में कबीर के संबंध में उल्लेख मिलता है ?

(अ) भक्तमाल (ब) अष्टयाम

(स) कबीर चरित्र-बोध (द) कबीर परिचई

95. 'अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।
प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी।'
ये पंक्तियाँ किस संत कवि की हैं ?

(अ) कबीरदास (ब) मलूकदास

(स) रैदास (द) सुंदरदास

96. भक्तिकाल के अंतर्गत प्रेमपीर का प्रचारक कवि किसे माना गया ?

(अ) रसखान (ब) जायसी

(स) सूरदास (द) कबीरदास

97. किस आचार्य की गणना वैष्णव भक्ति के प्रतिष्ठापक आचार्यों में नहीं की जाती ?

(अ) रामानुजाचार्य (ब) हरिदास निरंजनी

(स) विष्णु स्वामी (द) वल्लभाचार्य

98. भक्ति का कौन सा रूप पहले दक्षिण के आलवार संतों की वाणी के माध्यम से प्रस्फुटित हुआ ?

(अ) रामभक्ति (ब) कृष्णभक्ति

(स) निर्गुणभक्ति (द) पुष्टिभक्ति

99. किस संस्कृत काव्य में पहले कृष्णलीलाओं का उल्लेख मिलता है ?

(अ) ब्रह्मचरित (ब) गीतगोविंद

(स) गाथा सप्तशती (द) वेणीसंहार

100. 'मसि कागद छुयौ नहिं, कलम गह्यौ नहिं हाथ।' यह पंक्ति किस भक्त कवि को लक्ष्य करके कही गई है ?

(अ) नानकदेव (ब) कबीरदास

(स) दादू दयाल (द) रैदास

101. 'पद्मावत' का लेखक कौन है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(अ) जायसी (ब) मंझन

(स) आलम (द) उसमान

102. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने प्रेमाख्यान काव्य-परंपरा का प्रथम कवि किसे माना है ?

(अ) जायसी (ब) कुतुबन

(स) मुल्ला दाऊद (द) मंझन

103. 'अष्टछाप' की स्थापना कब हुई ?

(अ) 1560 ई. (ब) 1600 ई.

(स) 1565 ई. (द) 1570 ई.

104. सूरदास की भक्ति-पद्धति का मेरुदंड कौन सी भक्ति है ?

(अ) वैष्णवभक्ति (ब) रामभक्ति

(स) निर्गुणभक्ति (द) पुष्टिमार्गीय भक्ति

105. 'अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम।
दास मलूका कह गए सबके दाता राम॥'
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(अ) दादू दयाल (ब) लालदास

(स) मलूकदास (द) सुंदरदास

106. कबीर किसके शिष्य थे ?

(अ) रामानुज (ब) रामानंद

(स) शंकराचार्य (द) नानकदेव

107. 'चंदायन' किस लेखक की रचना है ?

(अ) दामोदर (ब) ईश्वरदास

(स) मुल्ला दाऊद (द) कुतुबन

108. 'ढोला मारू-रा दूहा' के रचयिता कौन हैं ?

(अ) कल्लोल (ब) नंददास

(स) आलम (द) नारायणदास

109. किस 'रामायण' को आदिकाव्य मानकर रामकथा के मूल स्रोत के रूप में स्वीकार किया जाता है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 देखें।

(अ) आनंद रामायण (ब) राघवोल्लास
(स) अध्यात्म रामायण (द) वाल्मीकि रामायण

110. 'जानकीहरण' का रचयिता कौन है ?
(अ) कुमारदास (ब) भवभूति
(स) माधव भट्ट (द) धनंजय

111. रज्जब, सुंदरदास, प्रागदास आदि संत कवि किस पंथ के अनुयायी थे ?
(अ) नानक पंथ (ब) दादू पंथ
(स) कबीर पंथ (द) इसलाम पंथ

112. 'रामलला नहछू' किसकी रचना है ?
(अ) तुलसीदास (ब) रहीम
(स) केशवदास (द) नाभादास

113. विद्यापति का जन्म कहाँ हुआ था ?
(अ) बिहार (ब) राजस्थान
(स) मध्य प्रदेश (द) उत्तर प्रदेश

114. किस संप्रदाय में कृष्ण के वामांग में राधा के साथ कृष्ण की उपासना का विधान है ?
(अ) राधावल्लभ संप्रदाय (ब) हरिदासी संप्रदाय
(स) निंबार्क संप्रदाय (द) वल्लभ संप्रदाय

115. तुलसीदास की भक्ति किस प्रकार की है ?
(अ) दास्यभाव (ब) प्रेमाभक्ति
(स) पुष्टिमार्गी (द) रागानुरागाभक्ति

116. 'अष्टछाप' के दार्शनिक गुरु कौन हैं ?
(अ) रामानंद (ब) निंबार्क
(स) वल्लभाचार्य (द) शंकराचार्य

117. भक्ति का प्रस्थान ग्रंथ कौन सा है ?
(अ) गीता (ब) महाभारत
(स) रामायण (द) भागवत

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 147 व 148 देखें।

118. 'मैं कहता हूँ आँखिन देखी, तू कहता कागद की लेखी' कहनेवाले भक्त कवि कौन थे ?

(अ) कुंभनदास (ब) दादू दयाल

(स) रज्जब (द) कबीरदास

119. 'भक्तन को कहा सीकरी सों काम' किस कवि की पंक्ति है ?

(अ) परमानंददास (ब) कृष्णदास

(स) कुंभनदास (द) कबीरदास

120. सूरदास का लीला-वर्णन किससे प्रभावित है ?

(अ) महाभारत (ब) विद्यापति की पदावली

(स) गीतगोविंद (द) भागवतपुराण

121. इन कवियों में कौन सा कवि अष्टछाप से संबद्ध नहीं है ?

(अ) कुंभनदास (ब) केशवदास

(स) सूरदास (द) कृष्णदास

122. तुलसीदासकृत 'विनयपत्रिका' की रचना किस भाषा में की गई है ?

(अ) अवधी (ब) खड़ी बोली हिंदी

(स) ब्रजभाषा (द) मैथिली

123. केशवदास की किस रचना की गणना 'लक्षण ग्रंथ' के अंतर्गत की जाती है ?

(अ) रतन बावनी (ब) रामचंद्रिका

(स) जहाँगीर जस चंद्रिका (द) कविप्रिया

124. 'चौरासी वैष्णवन की वार्त्ता' का लेखक कौन है ?

(अ) गोकुलनाथ (ब) नाभादास

(स) यदुनाथ (द) हरिराय

125. 'बरवै रामायण' किसकी रचना है ?

(अ) तुलसीदास (ब) नरहरि बारहट

(स) केशवदास (द) प्राणचंद चौहान

126. कृष्ण की सरस क्रीड़ाओं का वर्णन करनेवाला प्रख्यात ग्रंथ कौन सा है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

(अ) कृष्णकर्णामृत (ब) गीतगोविंद

(स) कंस निधन महाकाव्य (द) ध्वन्यालोक

127. सूरदास के संबंध में जानकारी का आधार ग्रंथ मुख्यत: कौन सा है ?

(अ) भावप्रकाश (ब) चौरासी वैष्णवन की वार्त्ता

(स) सूरसागर सारावली (द) साहित्य लहरी

128. नामदेव का संबंध किस प्रवृत्ति से है ?

(अ) सगुणवाद (ब) नाथ पंथ

(स) निर्गुणवाद (द) सूफी मत

129. 'परहित सरिस धरम नहिं भाई' पंक्ति किस रचनाकार की है ?

(अ) तुलसीदास (ब) केशवदास

(स) रहीम (द) कबीरदास

130. किस काव्यधारा के अंतर्गत मूर्तिपूजा और अवतारवाद का विरोध किया गया है ?

(अ) सगुण काव्यधारा (ब) कृष्ण काव्यधारा

(स) राम काव्यधारा (द) संत काव्यधारा

131. भक्तिकाल के अंतर्गत किस काव्यधारा में विवाह पूर्व समाज-निरपेक्ष स्वच्छंद प्रेम का निरूपण किया गया है ?

(अ) कृष्ण काव्य (ब) सूफी काव्य

(स) सगुण काव्य (द) निर्गुण काव्य

132. 'कृष्ण गीतावली' का रचयिता कौन है ?

(अ) सूरदास (ब) नंददास

(स) तुलसीदास (द) मीराबाई

133. 'या लकुटि अरु कामरिया पर राज तिहूँ पुर कौ तजि डारौं।' इस पंक्ति की रचना किसने की ?

(अ) सूरदास (ब) रत्नाकर

(स) रसखान (द) नंददास

134. मलिक मुहम्मद जायसी की रचना 'पद्मावत' किस भाषा में है ?

(अ) खड़ी बोली (ब) राजस्थानी

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

(स) अवधी (द) ब्रजभाषा

135. मीराबाई की भक्ति किस भाव की है ?

(अ) वात्सल्य भाव (ब) माधुर्य भाव

(स) सख्य भाव (द) दास्य भाव

136. 'जाके प्रिय न राम बैदेही' पंक्ति तुलसीदास की किस रचना से उद्धृत है ?

(अ) कवितावली (ब) गीतावली

(स) विनयपत्रिका (द) रामचरितमानस

137. इनमें से किस कवि को 'ब्रजकोकिल' कहा जाता था ?

(अ) सूरदास (ब) श्रीधर पाठक

(स) रसखान (द) सत्यनारायण कविरत्न

138. संत साहित्य में सबसे अधिक पंडित कवि कौन हैं ?

(अ) रज्जब (ब) दरिया साहब

(स) सुंदरदास (द) दादू दयाल

139. 'दुलहिन गावहु मंगलाचार' पद किसके द्वारा रचित है ?

(अ) तुलसीदास (ब) कबीरदास

(स) सूरदास (द) रसखान

140. 'रामचरितमानस' में कितने कांड हैं ?

(अ) पाँच (ब) बारह

(स) आठ (द) सात

141. 'मानुष प्रेम भयेउ बैकुंठी' पंक्ति किस कवि की है ?

(अ) तुलसीदास (ब) मंझन

(स) मलिक मुहम्मद जायसी (द) कुतुबन

रीतिकाल

142. रीतिकाल को 'श्रृंगारकाल' की संज्ञा देनेवाले विद्वान् कौन हैं—

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) धीरेंद्र वर्मा

(स) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (द) मिश्रबंधु

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

143. 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा गया है ?

(अ) केशव (ब) चिंतामणि

(स) बोधा (द) ठाकुर

144. 'आगे के कवि रीझिहैं तो कविताई न तौ राधिका कन्हाई सुमिरन को बहानो है।' ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(अ) मतिराम (ब) भिखारीदास

(स) रसलीन (द) बिहारी

145. इनमें से कौन सी रचना मतिराम की है ?

(अ) सुजानचरित (ब) कविप्रिया

(स) ललितललाम (द) जगद्विनोद

146. 'मोहि तौ मोरे कवित्त बनावत' के कवि कौन हैं ?

(अ) मतिराम (ब) चिंतामणि

(स) रसलीन (द) घनानंद

147. 'सुजानचरित' किसकी रचना है ?

(अ) घनानंद (ब) ठाकुर

(स) सूदन (द) बोधा

148. 'कविकुल कल्पतरु' किसकी रचना है ?

(अ) चिंतामणि (ब) देव

(स) केशव (द) मतिराम

149. रीतिमुक्त कवि कौन हैं ?

(अ) केशवदास (ब) घनानंद

(स) भिखारीदास (द) चिंतामणि

150. 'अमिय हलाहल मद भरे स्वेत स्याम रतनार।
जियत मरत झुकि-झुकि परत जेहि चितवत इक बार॥'
उपर्युक्त दोहा किस कवि का है ?

(अ) बिहारी (ब) रसलीन

(स) रसखान (द) ठाकुर

151. निम्नलिखित ग्रंथों में कौन सा ग्रंथ छंद विवेचन से संबद्ध नहीं है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

(अ) प्राकृत पैंगलम् (ब) छंदोमंजरी
(स) श्रुतबोध (द) विरह वारीश

152. इनमें से किस कवि ने लक्ष्मण ग्रंथ नहीं लिखा ?
(अ) मतिराम (ब) चिंतामणि
(स) भूषण (द) घनानंद

153. रीतिकाल के किस कवि में भक्ति और शृंगार का समन्वयात्मक योग है ?
(अ) सेनापति (ब) घनानंद
(स) भिखारीदास (द) जानकवि

154. निम्नलिखित पंक्तियाँ किस रचनाकार की हैं ?
'तंत्रीनाद कवित्त रस, सरस राग रति रंग।
अनबूड़े बूड़े तिरे, जे बूड़े सब अंग।'
(अ) घनानंद (ब) मतिराम
(स) बिहारी (द) ठाकुर

155. 'अति सूधो सनेह को मारग है' किसकी उक्ति है ?
(अ) बोधा (ब) ठाकुर
(स) घनानंद (द) आलम

156. ऋतु-वर्णन के लिए विशेषत: रीतिकाल का कौन सा कवि प्रसिद्ध है ?
(अ) देव (ब) बिहारी
(स) सेनापति (द) पद्माकर

157. स्वच्छंद प्रेम का निर्बंध गायक कौन है ?
(अ) वृंद (ब) आलम
(स) बिहारी (द) मतिराम

158. 'देखन में छोटे लगैं, घाव करैं गंभीर' इस उक्ति को किस कवि की रचनाओं ने चरितार्थ किया ?
(अ) ठाकुर (ब) देव
(स) बोधा (द) बिहारी

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

159. मतिराम की प्रसिद्धि का आधार-स्तंभ कौन सा ग्रंथ है ?

(अ) रसराज (ब) वृत्त कौमुदी

(स) छंदसार (द) अलंकार पंचाशिका

160. 'काव्यनिर्णय' ग्रंथ किस कवि का है ?

(अ) चिंतामणि (ब) मतिराम

(स) भिखारीदास (द) कुलपति मिश्र

161. 'बिहारी सतसई' में कितने दोहे हैं ?

(अ) सात सौ तेरह (ब) सात सौ

(स) सात सौ पंद्रह (द) सात सौ एक

162. गेय पदों की रचना कौन सी है ?

(अ) सूरसागर (ब) काव्य मंजरी

(स) कविप्रिया (द) बिहारी सतसई

163. 'काव्य की रीति सिख्यौ सुकवीन्ह सौं' यह पंक्ति किस कवि की है ?

(अ) चिंतामणि (ब) मतिराम

(स) भूषण (द) भिखारीदास

164. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार रीतिकाल का सीमांकन क्या है ?

(अ) 1643-1843 ई. (ब) 1601-1800 ई.

(स) 1700-1900 ई. (द) 1680-1860 ई.

165. इन ग्रंथों में सिद्धांत-निरूपक ग्रंथ कौन सा है ?

(अ) वक्रोक्ति जीवितम् (ब) छत्रप्रकाश

(स) पंचाध्यायी (द) गोपी पच्चीसी

166. 'शिवाबावनी' के रचयिता कौन हैं ?

(अ) गोविंद सिंह (ब) भूषण

(स) आलम (द) मंडन

167. रीतिकाल को 'अलंकृतकाल' की संज्ञा किसने दी है ?

(अ) मिश्रबंधु (ब) रामकुमार वर्मा

(स) धीरेंद्र वर्मा (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

168. 'इश्कनामा' किसकी कृति है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

(अ) आलम (ब) बोधा

(स) ठाकुर (द) द्विजदेव

169. इनमें से कौन सा कवि रीतिबद्ध काव्यधारा से संबद्ध नहीं है ?

(अ) चिंतामणि (ब) मतिराम

(स) पद्माकर (द) बिहारी

170. 'जदपि सुजाति सुलक्षिणी सुवरण सरस सुवृत।
भूषण बिनु न विराजहिं कविता बनिता मित॥'
उपर्युक्त पंक्तियाँ किसकी हैं ?

(अ) मतिराम (ब) चिंतामणि

(स) भूषण (द) केशवदास

171. किस कवि ने 'सतसई' की रचना नहीं की है ?

(अ) मतिराम (ब) वृंद

(स) बिहारी (द) लाल कवि

172. किस कवि की कविता की हृदय-वेधकता को लक्ष्य करके उसे 'नावक के तीर' कहा गया ?

(अ) बिहारी (ब) घनानंद

(स) देव (द) पद्माकर

173. 'छत्रप्रकाश' किसकी रचना है ?

(अ) लाल कवि (ब) श्रीधर

(स) ग्वाल (द) मंडन

174. 'अभिधा उत्तम काव्य है मध्य लक्षणा लीन।
अधम व्यंजना रस विरस उलटी कहत नवीन॥'
यह स्थापना किसकी है ?

(अ) चिंतामणि (ब) देव

(स) भारतेंदु (द) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

175. 'सुजान विनोद' किसकी रचना है ?

(अ) देव (ब) चिंतामणि

(स) घनानंद (द) पद्माकर

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 देखें।

176. 'बिहारी सतसई' पर किस ग्रंथ का प्रभाव है ?

(अ) नवरस तरंग (ब) श्रृंगार सागर

(स) गाथा सप्तशती (द) ब्रजविलास

177. 'कुंदन को रंग फीकौ लगे' किसकी पंक्ति है ?

(अ) रसलीन (ब) वृंद

(स) मतिराम (द) आलम

178. 'मेरौ तो गिरधर गोपाल'—यह पंक्ति किसकी है ?

(अ) तुलसीदास (ब) मीराबाई

(स) रसखान (द) रहीम

179. 'कवितावली' के रचयिता कौन है ?

(अ) सूरदास (ब) कुंभनदास

(स) मीराबाई (द) तुलसीदास

आधुनिककाल पूर्व पीठिका

180. हिंदी साहित्य में आधुनिक हिंदी साहित्य के सूत्रधार कौन हैं ?

(अ) बालकृष्ण भट्ट (ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(स) भारतेंदु हरिश्चंद्र (द) प्रतापनारायण मिश्र

181. आधुनिककाल के प्रारंभिक काल को कौन सा काल कहा गया है ?

(अ) नवलेखनकाल (ब) जागरणकाल

(स) जागरण-सुधारकाल (द) पुनर्जागरणकाल

182. रामचंद्र शुक्ल ने आधुनिककाल को किन दो खंडों में बाँटा है ?

(अ) जागरण-सुधारकाल

(ब) पुरानी काव्यधारा-नई काव्यधारा

(स) प्रथम चरण-द्वितीय चरण

(द) गद्य खंड-काव्य खंड

183. आधुनिक युग में किस भाषा की जगह खड़ी बोली ने ले ली ?

(अ) ब्रजभाषा (ब) अवधी

(स) पश्चिमी हिंदी (द) पूर्वी हिंदी

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 148 व 149 देखें।

184. आधुनिककाल के द्वितीय चरण को किस काल की संज्ञा दी गई है ?

(अ) जागरणकाल (ब) सुधारकाल

(स) नवलेखनकाल (द) पुनर्जागरणकाल

185. आधुनिककाल की प्रारंभिक सीमा क्या मानी गई है ?

(अ) 1900 ई. (ब) 1750 ई.

(स) 1850 ई. (द) 1920 ई.

186. भारतेंदु युग को पुनर्जागरणकाल की संज्ञा किसने दी ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) जॉर्ज ग्रियर्सन

(स) रामकुमार वर्मा (द) डॉ. नगेंद्र

187. 'आधुनिक साहित्य' पुस्तक का लेखक कौन है ?

(अ) रामस्वरूप चतुर्वेदी (ब) धीरेंद्र वर्मा

(स) अज्ञेय (द) नंददुलारे वाजपेयी

188. आधुनिक काल में आधुनिकता के फलस्वरूप साहित्य में किस प्रवृत्ति का समावेश हुआ ?

(अ) भक्ति-भावना (ब) राष्ट्रीय चेतना

(स) श्रृंगार-भावना (द) प्रकृति-चित्रण

189. 'हिंदी साहित्य का आधुनिक इतिहास' ग्रंथ का लेखक कौन है ?

(अ) शिवसिंह सेंगर (ब) रामकुमार वर्मा

(स) अज्ञेय (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

□

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

3

कविता

190. भारतेंदु मंडल के कवियों में इनमें से कौन कवि सम्मिलित नहीं था?
(अ) ठाकुर जगमोहन सिंह (ब) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(स) राधाकृष्ण दास (द) श्रीधर पाठक

191. हिंदी का प्रथम राष्ट्रवादी कवि कौन है?
(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) रामनरेश त्रिपाठी
(स) भारतेंदु हरिश्चंद्र (द) श्रीधर पाठक

192. किस कवि को आधुनिक हिंदी साहित्य का 'बापू' कहा गया है?
(अ) भवानी प्रसाद मिश्र (ब) सियारामशरण गुप्त
(स) काका कालेलकर (द) मैथिलीशरण गुप्त

193. 'पावस पचासा' तथा 'सुकवि सतसई' का रचयिता कौन है?
(अ) अंबिकादत्त व्यास (ब) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(स) राधाकृष्ण दास (द) ठाकुर जगमोहन सिंह

194. इनमें कौन सा कवि दो युगों के संधिस्थल पर अवस्थित है?
(अ) मैथिलीशरण गुप्त
(ब) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही'
(स) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(द) भारतेंदु हरिश्चंद्र

195. 'मौर्य विजय' का रचयिता कौन है?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(स) सियारामशरण गुप्त (द) रामनरेश त्रिपाठी

196. किस कवयित्री को 'हिंदी के विशाल मंदिर की वीणापाणि' कहा गया है ?
(अ) सुभद्राकुमारी चौहान (ब) महादेवी वर्मा
(स) मीराबाई (द) तारा पांडेय

197. 'प्रकृति के सुकुमार कवि' विशेषण किस कवि के लिए प्रयुक्त होता है ?
(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) गिरिजाकुमार माथुर
(स) निराला (द) भारतेंदु हरिश्चंद्र

198. इनमें से किस रचनाकार की गणना छायावाद के प्रवर्तकों में की जाती है ?
(अ) मुकुटधर पांडेय (ब) सुमित्रानंदन पंत
(स) महादेवी वर्मा (द) निराला

199. 'यामा' किस रचनाकार की कृति है ?
(अ) हरिवंशराय बच्चन (ब) निराला
(स) सुभद्राकुमारी चौहान (द) महादेवी वर्मा

200. 'प्रेम सरोवर', 'प्रेम माधुरी' तथा 'प्रेम फुलवारी' किस कवि की कृतियाँ हैं ?
(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) रामनरेश त्रिपाठी (द) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

201. अंग्रेजी राज के गुप्तचर विभाग में मैथिलीशरण गुप्त की किस कृति का अर्थ 'जनाना हिंदुस्तान' समझा गया ?
(अ) जयभारत (ब) भारत-भारती
(स) काबा और कर्बला (द) विरहिणी ब्रजांगना

202. किस कवि ने 'मैंने मैं शैली अपनाई' का दावा किया ?
(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ब) निराला
(स) जयशंकर प्रसाद (द) हरिवंशराय बच्चन

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

203. 'परिमल' और 'अनामिका' का रचयिता कौन है ?

(अ) निराला (ब) जगदीश गुप्त

(स) दिनकर (द) मुक्तिबोध

204. समरसतामूलक आनंदवाद की पृष्ठभूमि में लिखी गई जयशंकर प्रसाद की कृति कौन सी है ?

(अ) कामायनी (ब) प्रसाद संगीत

(स) चित्राधार (द) झरना

205. किस कवि ने मैथिलीशरण गुप्त के सामने स्वयं को 'महज डिप्टी राष्ट्रकवि' माना ?

(अ) सियारामशरण गुप्त (ब) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(स) रामनरेश पांडेय (द) माखनलाल चतुर्वेदी

206. बुंदेली लोकशैली में गाई जानेवाले छंद में रची सुभद्राकुमारी चौहान की कौन सी कविता स्वाधीनता आंदोलन का नारा बनी ?

(अ) वीरों का कैसा हो वसंत (ब) जलियाँवाले बाग में वसंत

(स) झाँसी की रानी (द) राखी की चुनौती

207. किस कवि को 'सहजता का कवि' कहा जाता है ?

(अ) भवानी प्रसाद मिश्र (ब) श्रीधर पाठक

(स) जगन्नाथदास रत्नाकर (द) अज्ञेय

208. महादेवी वर्मा की 'यामा' में कितनी कृतियाँ सम्मिलित हैं ?

(अ) तीन (ब) चार

(स) पाँच (द) छह

209. 'आत्मजयी' का रचनाकार कौन है ?

(अ) मुक्तिबोध (ब) कुँवर नारायण

(स) नरेश मेहता (द) श्रीकांत वर्मा

210. ब्रजभाषा के आधुनिक कवि इनमें से कौन हैं ?

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) जगन्नाथदास रत्नाकर

(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (द) सुमित्रानंदन पंत

211. 'कैदी और कोकिला' रचना किस रचनाकार की है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (ब) रामनरेश त्रिपाठी
(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (द) सुभद्राकुमारी चौहान

212. इसमें से हरिवंशराय बच्चन की रचना कौन सी है ?
(अ) मधुबाला (ब) मधुकलश
(स) मधुशाला (द) निशा निमंत्रण

213. 'आँसू की बालिका' किस कवि की रचना है ?
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सुमित्रानंदन पंत
(स) नरेंद्र शर्मा (द) महादेवी वर्मा

214. आधुनिक हिंदी में रामकाव्य का लोकप्रिय प्रबंध काव्य कौन सा है ?
(अ) रामचरितमानस (ब) अंधा युग
(स) साकेत (द) बरवै रामायण

215. 'मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति है।' यह कथन किसका है ?
(अ) निराला (ब) रामचंद्र शुक्ल
(स) सुमित्रानंदन पंत (द) माखनलाल चतुर्वेदी

216. 'उर्वशी' का रचनाकार कौन है ?
(अ) धर्मवीर भारती (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) कुँवर नारायण (द) रामधारी सिंह 'दिनकर'

217. 'चुभते चौपदे' तथा 'चोखे चौपदे' किस कवि की काव्य-कृतियाँ हैं ?
(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ब) श्रीधर पाठक
(स) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (द) जगन्नाथदास रत्नाकर

218. किस कवि को 'राष्ट्रकवि' की उपाधि से विभूषित किया गया है ?
(अ) श्रीधर पाठक (ब) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(स) मैथिलीशरण गुप्त (द) रामनरेश त्रिपाठी

219. किस कवि ने गाँव-गाँव, घर-घर घूमकर रात-रात भर घरों के पिछवाड़े बैठकर सोहर और विवाह गीतों को चुन-चुनकर उनसे 'कविता कौमुदी' संकलन तैयार किया ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

(अ) महादेवी वर्मा (ब) रामनरेश त्रिपाठी
(स) नरेंद्र शर्मा (द) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल'

220. छायावाद के उपादानों को लेकर किस कवि ने 'श्रीशारदा' पत्रिका में लेखमाला लिखी ?
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) निराला
(स) मुकुटधर पांडेय (द) महादेवी वर्मा

221. 'रोवहु सब मिलि, आबहु भारत कर्प,
हा! हा! भारत-दुर्दशा न देखी जाई।' यह किसकी पंक्ति है ?
(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) श्रीधर पाठक (द) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

222. खड़ी बोली हिंदी का प्रथम महाकाव्य किसे माना गया है ?
(अ) कामायनी (ब) प्रियप्रवास
(स) जयद्रथ-वध (द) जय भारत

223. 'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी।' यह पंक्ति किसकी है ?
(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ब) रामनरेश त्रिपाठी
(स) मैथिलीशरण गुप्त (द) जयशंकर प्रसाद

224. अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' किस युग के कवि हैं ?
(अ) भारतेंदु युग (ब) द्विवेदी युग
(स) छायावाद (द) प्रगतिवाद

225. किस कवि ने खड़ी बोली के साथ-साथ ब्रजभाषा में काव्य-रचना नहीं की ?
(अ) श्रीधर पाठक
(ब) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(स) नाथूराम शर्मा शंकर
(द) महादेवी वर्मा

226. 'मैं नीर भरी दुःख की बदरी' पंक्ति किस कवयित्री की है ?
(अ) महादेवी वर्मा (ब) मीराबाई

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

(स) उषादेवी मित्रा (द) सुभद्राकुमारी चौहान

227. 'गीत फरोश' किसकी रचना है ?

(अ) नीरज (ब) हरिवंशराय बच्चन

(स) महादेवी वर्मा (द) भवानी प्रसाद मिश्र

228. 'जूही की कली' किसकी रचना है ?

(अ) महादेवी वर्मा (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) सुमित्रानंदन पंत (द) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

229. छायावाद के प्रसिद्ध चार स्तंभों में किसकी गणना नहीं की जाती ?

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) महादेवी वर्मा

(स) सुमित्रानंदन पंत (द) रामकुमार वर्मा

230. निराला की पहली काव्य-रचना कौन सी है ?

(अ) संध्या सुंदरी (ब) जूही की कली

(स) राम की शक्ति-पूजा (द) अनामिका

231. 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है'—यह धारणा किसकी है ?

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) महादेवी वर्मा

(स) डॉ. नगेंद्र (द) मुकुटधर पांडेय

232. 'कला और बूढ़ा चाँद' किसकी रचना है ?

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(स) रामधारी सिंह 'दिनकर' (द) नागार्जुन

233. बालमुकुंद गुप्त किस युग के रचनाकार हैं ?

(अ) भारतेंदु युग (ब) छायावाद

(स) प्रगतिवाद (द) द्विवेदी युग

234. 'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी, आँचल में है दूध और आँखों में पानी।' ये पंक्तियाँ किसकी हैं ?

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) सियारामशरण गुप्त

(स) जयशंकर प्रसाद (द) महादेवी वर्मा

235. 'सांध्य काकली' का रचयिता कौन है ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) रामकुमार वर्मा
(स) हरिवंशराय बच्चन (द) निराला

236. 'कुरुक्षेत्र' किसकी रचना है ?
(अ) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) सियारामशरण गुप्त (द) निराला

237. निराला द्वारा रचित प्रसिद्ध शोकगीत कौन सा है ?
(अ) प्रेयसी (ब) सरोज स्मृति
(स) रेखा (द) अनामिका

238. प्रेम और मस्ती की काव्यधारा का कवि कौन है ?
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सुमित्रानंदन पंत
(स) हरिवंशराय बच्चन (द) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

239. 'महाप्राण' की उपाधि किस कवि के नाम के साथ जोड़ी जाती है ?
(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(स) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (द) नागार्जुन

240. 'सखा श्रीकृष्ण के गुलाम राधारानी के' किस रचनाकार की पंक्ति है ?
(अ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ब) रत्नाकर
(स) रसखान (द) भारतेंदु हरिश्चंद्र

241. 'सुमित्रानंदन पंत : काव्य-कला और जीवन-दर्शन' पुस्तक किसने लिखी है ?
(अ) विश्वंभर मानव (ब) शांति जोशी
(स) शचीरानी गुर्टू (द) डॉ. नगेंद्र

242. मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कहाँ हुआ था ?
(अ) दिल्ली (ब) चिरगाँव
(स) मऊरानीपुर (द) मेदिनीपुर

243. 'निराला से बढ़कर स्वच्छंदतावादी कवि हिंदी में कोई नहीं है।' यह कथन किसका है ?
(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) नंददुलारे वाजपेयी
(स) रामविलास शर्मा (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 देखें।

244. 'खुल गए छंद के बंध' किसकी पंक्ति है ?

(अ) निराला (ब) मुकुटधर पांडेय

(स) सुमित्रानंदन पंत (द) श्रीधर पाठक

245. 'अँगरेज राज सुख साज सजै सब भारी।
पै धन विदेस चलि जात यहै अति ख्वारी॥'
ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

(अ) भारतेंदु हरिश्चंद्र (ब) मैथिलीशरण गुप्त

(स) सियारामशरण गुप्त (द) श्रीधर पाठक

246. सन् 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम पर किसकी रचना उस दौर में प्रेरणास्रोत थी ?

(अ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(स) जयशंकर प्रसाद (द) सुभद्राकुमारी चौहान

247. सियारामशरण गुप्त किस विख्यात कवि के अनुज थे ?

(अ) जगदीश गुप्त (ब) मैथिलीशरण गुप्त

(स) बालमुकुंद गुप्त (द) श्यामलाल गुप्त

248. 'प्रिय प्रवास' कृति किस विधा में लिखी गई ?

(अ) प्रबंध काव्य (ब) मुक्तक काव्य

(स) वीर काव्य (द) खंड काव्य

249. 'निराला की साहित्य-साधना' पुस्तक का लेखक कौन है ?

(अ) रामविलास शर्मा (ब) इंदुनाथ मदान

(स) विद्यानिवास मिश्र (द) नंददुलारे वाजपेयी

250. किसके नवीन छंद को देखकर 'रबर छंद' कहकर मजाक उड़ाया गया ?

(अ) अज्ञेय (ब) निराला

(स) जगदीश गुप्त (द) धर्मवीर भारती

251. जयशंकर प्रसाद की किस कृति को 'छायावाद की प्रथम प्रयोगशाला' कहा गया ?

(अ) चित्राधार (ब) प्रेमपथिक

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 149 व 150 देखें।

(स) आँसू (द) झरना

252. किस कवि ने घोषणा की—'जाग्रत युग के स्वप्न फूलों से नहीं, चिनगारियों से सजाए जाते हैं'?

(अ) रामधारी सिंह 'दिनकर' (ब) निराला

(स) नागार्जुन (द) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

253. 'गांधी पंचशती' का रचयिता कौन है?

(अ) सियारामशरण गुप्त (ब) भवानी प्रसाद मिश्र

(स) काका कालेलकर (द) जयशंकर प्रसाद

254. 'नई कविता' पत्रिका का प्रकाशन किस वर्ष शुरू हुआ?

(अ) 1952 ई. (ब) 1953 ई.

(स) 1954 ई. (द) 1955 ई.

255. 'तारसप्तक' का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(अ) 1943 ई. (ब) 1945 ई.

(स) 1947 ई. (द) 1949 ई.

256. 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल-पुथल मच जाए।
एक हिलोर इधर से आए एक हिलोर उधर से आए॥'
इन पंक्तियों के रचयिता का नाम क्या है?

(अ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (ब) श्यामनारायण पांडेय

(स) सुमित्रानंदन पंत (द) निराला

257. 'अज्ञेय और आधुनिक रचना की समस्या' किसकी पुस्तक है?

(अ) विश्वनाथ प्रसाद (ब) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(स) इंद्रनाथ मदान (द) नंददुलारे वाजपेयी

258. 'तारसप्तक' में इनमें से किस कवि की रचना का समावेश नहीं है?

(अ) गिरिजाकुमार माथुर (ब) प्रभाकर माचवे

(स) रामविलास शर्मा (द) रघुवीर सहाय

259. 'इस करुणा कलित हृदय में, अब विकल रागिनी बजती।
क्यों हाहाकार स्वरों में वेदना असीम गरजती॥'
इन पंक्तियों से जयशंकर प्रसाद की किस कृति का आरंभ हुआ है?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 150 देखें।

(अ) कामायनी (ब) झरना
(स) आँसू (द) लहर

260. 'तुम वहन कर सको जन मन में मेरे विचार,
वाणी मेरी चाहिए तुम्हें क्या अलंकार।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ किसकी हैं ?
(अ) निराला (ब) सुमित्रानंदन पंत
(स) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' (द) जयशंकर प्रसाद

261. 'कुकुरमुत्ता' किसकी रचना है ?
(अ) निराला (ब) मुक्तिबोध
(स) नरेश मेहता (द) केदारनाथ अग्रवाल

262. 'क्वासि' किसकी रचना है ?
(अ) सियारामशरण गुप्त (ब) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(स) माखनलाल चतुर्वेदी (द) मैथिलीशरण गुप्त

263. इनमें से विजयदेव नारायण साही की कृति कौन सी है ?
(अ) कुंआनो नदी (ब) मछलीघर
(स) साए में धूप (द) ओ प्रस्तुत मन

264. 'संसद् से सड़क तक' कविता-संग्रह किस कवि का है ?
(अ) धूमिल (ब) दुष्यंत
(स) रघुवीर सहाय (द) मुक्तिबोध

265. 'दूसरा सप्तक' किस वर्ष प्रकाशित हुआ ?
(अ) 1950 ई. (ब) 1951 ई.
(स) 1952 ई. (द) 1956 ई.

266. 'बाले तेरे बाल जाल में कैसे उलझा दूँ लोचन, छोड़ अभी से इस जग को।' ये किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) रामकुमार वर्मा
(स) सुमित्रानंदन पंत (द) हरिवंशराय बच्चन

267. 'कनुप्रिया' किसकी रचना है ?
(अ) धर्मवीर भारती (ब) गिरिजा कुमार माथुर

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 150 देखें।

(स) दुष्यंत (द) जगदीश गुप्त

268. इन रचनाकारों में से मूलत: गीतकार कौन है ?

(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) जानकीवल्लभ शास्त्री (द) निराला

269. कविता में सामाजिक यथार्थवाद के नाम पर कौन सा आंदोलन चलाया गया ?

(अ) नकेनवाद (ब) प्रगतिवाद

(स) मार्क्सवाद (द) प्रयोगवाद

270. नलिनविलोचन शर्मा तथा केसरी कुमार किस वाद से संबद्ध हैं ?

(अ) नकेनवाद (ब) प्रयोगवाद

(स) प्रगतिवाद (द) छायावाद

271. नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है ?

(अ) वैद्यनाथ मिश्र (ब) बैजू मिश्र

(स) बलदेव प्रसाद मिश्र (द) नामदेव मिश्र

272. किस दौर की कविता ने 'अंबर' के स्थान पर 'धरती' की बात पर बल दिया ?

(अ) प्रगतिवाद (ब) नई कविता

(स) प्रयोगवाद (द) अकविता

273. भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाएँ अज्ञेय द्वारा संपादित किस 'सप्तक' में संकलित हैं ?

(अ) तारसप्तक (ब) दूसरा सप्तक

(स) तीसरा सप्तक (द) चौथा सप्तक

274. 'नई कविता' नामकरण का श्रेय किसे दिया जाता है ?

(अ) अज्ञेय (ब) जगदीश गुप्त

(स) रामस्वरूप चतुर्वेदी (द) निराला

275. सन् 1965 में किस कवि के संपादन में प्रकाशित 'प्रारंभ' कविता संकलन से अकविता का दौर शुरू हुआ ?

(अ) जगदीश गुप्त (ब) अज्ञेय

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 150 देखें।

(स) जगदीश चतुर्वेदी (द) राजकमल चौधरी

276. मुक्तिबोध की चर्चित लंबी कविता का क्या नाम है ?

(अ) आत्मजयी (ब) अँधेरे में

(स) संशय की एक रात (द) लोकायतन

277. 'नई कविता' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित हुई थी ?

(अ) मुंबई (ब) दिल्ली

(स) बनारस (द) इलाहाबाद

278. 'यह दीप अकेला' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(अ) अज्ञेय (ब) केदारनाथ अग्रवाल

(स) शंभुनाथ सिंह (द) रघुवीर सहाय

279. सुमित्रानंदन पंत ने अपनी किस कृति की भूमिका में भाषा, अलंकार, छंद, शब्द और भाव के सामरस्य पर विचार व्यक्त किए ?

(अ) युगवाणी (ब) पल्लव

(स) ग्राम्या (द) स्वर्णधूलि

280. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' काव्य संग्रह किसका है ?

(अ) कुँवर नारायण (ब) मुक्तिबोध

(स) रघुवीर सहाय (द) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

281. 'दु:ख सबको माँजता है' किस कवि का कथन है ?

(अ) अज्ञेय (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) रामधारी सिंह 'दिनकर' (द) महादेवी वर्मा

282. 'हल्दीघाटी' किसकी रचना है ?

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (ब) सुभद्राकुमारी चौहान

(स) श्यामनारायण पांडेय (द) सोहनलाल द्विवेदी

283. 'लोकायतन' किस विधा की कृति है ?

(अ) प्रबंध काव्य (ब) मुक्तक काव्य

(स) नीति काव्य (द) गीति नाट्य

284. 'मैं मरूँगा सुखी, मैंने जीवन की धज्जियाँ उड़ाई हैं' पंक्तियाँ किस कवि की हैं ?

उत्तर के लिए कृपया पृष्ठ सं. 150 देखें।

(अ) केदारनाथ अग्रवाल (ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(स) अज्ञेय (द) दुष्यंत

285. अज्ञेय द्वारा संपादित 'तारसप्तक' शृंखला में कितने सप्तक प्रकाशित हुए?
(अ) पाँच (ब) चार
(स) तीन (द) दो

286. 'राहों के अन्वेषण' की बात किसमें की गई है?
(अ) तारसप्तक (ब) नई कविता पत्रिका
(स) नए पन्ने (द) दूसरा सप्तक

287. 'हम दीवानों की क्या हस्ती है, आज यहाँ कल वहाँ चलें।' ये किसकी पंक्तियाँ हैं?
(अ) रामेश्वर शुक्ल 'अंचल' (ब) नरेंद्र शर्मा
(स) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (द) भगवतीचरण वर्मा

288. 'ताप के तापे हुए दिन' किसकी रचना है?
(अ) शमशेर बहादुर सिंह (ब) नागार्जुन
(स) त्रिलोचन (द) रघुवीर सहाय

289. शकुंतला माथुर किस सप्तक में सम्मिलित थीं?
(अ) तारसप्तक (ब) दूसरा सप्तक
(स) तीसरा सप्तक (द) चौथा सप्तक

290. किस कवि को 'एक भारतीय आत्मा' कहा गया?
(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (ब) मैथिलीशरण गुप्त
(स) निराला (द) रामनरेश त्रिपाठी

